हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री



2 बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

## खबर संक्षेप

### रजवार समाज का कार्यक्रम कल

**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज जिला समिति कोरिया एमसीबी सामाजिक पत्रिका समाज दर्पण वर्ष 2025 का विमोचन कार्यक्रम 10 अप्रैल को दोपहर 1:30 किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम मंगल भवन परिसर ओड़गी बैकुंठपुर में आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए रजवार समाज के जिला सचिव हरिप्रसाद राजवाडे ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष प्रांतीय रजवार समाज छग लखन राजवाड़े के साथ अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजित कार्यक्रम में नशा उन्मूलन पर परिचर्चा एवं व्याख्यान अतिथियों द्वारा दिया जाएगा।

### रेडक्रॉस सोसायटी में भर्ती के लिए प्रक्रिया

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में तीन पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस संबंध में रेडक्रॉस जिला शाखा मनेन्द्रगढ़ द्वारा 13 मार्च को चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस), स्टाफ नर्स एवं लैब टेक्नीशियन के एक-एक पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के अनुसार कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी पात्र एवं अपात्र सूची अब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। उक्त सूची के संबंध में जिन अभ्यर्थियों को कोई आपत्ति है, वे 12 अप्रैल की शाम 5 बजे तक संबंधित दस्तावेजों के साथ दावा-आपत्ति कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बंद, जरुरतमंद परेशान

**बैकुण्ठपुर।** शहर स्थित शहरी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर का लाभ बैकुंठपुर व आस-पास के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। शहर सहित आस -पास क्षेत्र के कई लोग रेलवे रिजर्वेशन कराने के लिए पहुंचते हैं तो उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के गौरवपथ मार्ग पर जिला जेल के सामने स्थित शहरी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बीते शुक्रवार से रिजर्वेशन का कार्य बंद है। बताया जाता है कि रेलवे रिजर्वेशन काउंटर का बीएसएनएल का केवल चोरी हो गया है, इसके कारण बीते शुक्रवार से रिजर्वेशन कार्य ठप्प पड़ गया है। हालत यह है कि शुक्रवार से शहरी रेल्वे रिजर्वेशन काउंटर से केबल चोरी होने के कारण रिजर्वेशन टिकट प्रदान करने का कार्य ठप्प हो गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी व्यवस्था बहाल नहीं की जा सकी है, इससे रिजर्वेशन टिकट प्राप्त करने की चाहत में आने वाले लोगों को निराश बैरंग लौटना पड़ रहा है।

## जिपं अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ, अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे लोग

# पहले दिन समाधान पेटी के साथ सुशासन वाहन रवाना



शुभारंभ करती जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।



रखी गई समाधान पेटी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत मंगलवार को कलेक्टरेट परिसर में समाधान पेटी के साथ सुशासन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर अरूण मरकाम की उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान काफी संख्या में एनसीसी के छात्र-छात्राएं और जिला अधिकारी मौजूद रहे। रवाना किए गए इस सुशासन वाहन का उद्देश्य जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर आम जनता से उनकी समस्याएं, सुझाव, मांग और शिकायतें प्राप्त करना है। वाहन में रखी गई समाधान पेटी के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकेंगे, जिसे बाद में शीघ्र निपटाया जाएगा। इसके अलावा समाधान पेटी कलेक्टरेट परिसर, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी रखी गई हैं, ताकि लोग अपनी समस्याओं को बिना किसी झिझक के दर्ज कर सकें। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस पहल को लेकर बताया कि इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करना और जिलेवासियों को योजनाओं का शीघ्र और त्वरित लाभ प्रदान करना है। उन्होंने जिलेवासियों से ⏭ शेष पेज 4 पर

### चरचा कॉलरी में सुशासन तिहार का शुभारंभ, पहले दिन 62 आवेदन





**चरचा कॉलरी।** छग शासन द्वारा जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए सुशासन तिहार 2025 की शुरूआत की गई है। इसीक्रम में शिवपुर चरचा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भी मंगलवार से समाधान शिविर की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर के पहले दिन नागरिकों से कुल 62 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, इनमें 53 मांग पत्र और 9 शिकायत पत्र शामिल हैं। नगर पालिका प्रशासन के अनुसार यह आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण- 8 से 11 अप्रैल नागरिकों से समस्याएं, शिकायतें और सुझाव आवेदन पत्रों के माध्यम से लिए जा रहे हैं। द्वितीय चरण- आगामी एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण 5 से 31 मई समाधान शिविरों में जनता को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। नपा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के लिए अलग-अलग स्थानों पर कैम्प लगाए गए हैं। इनमें सुभाष नगर दुर्गा पंडाल वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक, सामुदायिक भवन, नेपाल गेट वार्ड क्रमांक 6, 7, 13, 14 व 15, नगर पालिका परिषद कार्यालय वार्ड क्रमांक 8 से 12 तक शामिल हैं। जनता की सुविधा के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समस्या समाधान पेटिकाएं भी रखी गई हैं, जहां नागरिक अपना आवेदन पत्र डाल सकते हैं। आवेदन पत्र में नाम, पता और मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने आम जनता से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी समस्याएं दर्ज कर समाधान की प्रक्रिया में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि सभी आवेदन पत्रों की प्राथमिकता के आधार पर त्वरित सुनवाई व निराकरण किया जाएगा।

### कोटवार लगातार गांवों में कर रहे मुनादी

मंगलवार से शुरू हुए सुशासन तिहार को आम लोगों तक पहुंचाने में गांवों के कोटवारों द्वारा लगातार मुनादी के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। कोटवारों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर व्यक्ति तक यह संदेश पहुंचे, इसके साथ ही वे चौक-चौराहे, हाट बाजार, ग्राम पंचायत, उचित मूल्य की दुकानें, होटल, पान दुकान, किराना दुकान, सायकिल स्टोर्स, मेडिकल स्टोर जैसे प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर सुशासन तिहार 2025 के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कोटवारों द्वारा समाधान पेटी में आवेदन करने और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी पढ़कर सुनाए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर सकें और अपनी समस्याओं का समाधान पा सकें।

### सुशासन तिहार के तीन चरण

सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण की शुरूआत 8 से 11 अप्रैल तक नगरीय निकाय स्तर पर वार्डों, जनपद पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत हाट बाजार और मोबाइल व्हीकल के माध्यम से आम जनता से आवेदन प्राप्त करने के रूप में की जाएगी। नगरीय निकाय व पंचायतों में समाधान पेटी, आवेदन पत्र और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की गई है। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा, जबकि तीसरे चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नागरिकों के आवेदनों पर विचार कर समाधान किया जाएगा।

## एक ही रात में शहर से 3-4 बाइक पार

# घर के सामने से बाइक चोरी, दहशत में लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सीसीटीवी में कैद बाइक चोरी।

■ पुलिस गश्ती पर उठे सवाल, सीसीटीव्ही में कैद हुई घटना

शहर में बाइक चोरों का गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बीती रात चोरों ने रिहायशी इलाकों कचहरीपारा और स्कूलपारा, ओड़गीनाका में धावा बोलते हुए 3 से 4 बाइक पार कर दी। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे चोरों के हौसले और पुलिस की लापरवाही दोनों ही उजागर हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार शहर का सबसे रिहायशी इलाका कचहरीपारा निवासी प्रशांत शिवहरे, स्कूलपारा में शिव मंदिर के समीप एक बाइक चोरी करने के बाद इंडियन पेट्रोल टंकी के पास और प्रज्ञा टाइल्स के पीछे किराए के घर से भी चोरी की घटना हुई है। इसे लेकर पीड़ितों ने सिटी कोतवाली थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह रिहायशी है, बावजूद इसके चोर बिना किसी डर के बाइक चुराकर फरार हो गए। चोरों ने एक के बाद एक कई मकानों के सामने रखे बाइक को निशाना बनाया और आराम से निकल गए, जिससे सिटी कोतवाली पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

शहर के कचहरीपारा निवासी पार्षद धीरज शिवहरे का कहना है कि बीते कुछ समय से शहर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन सिटी कोतवाली पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, इससे लोगों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। खास बात यह है कि चोरी की वारदातें मुख्य बाजार और घनी बस्तियों में हो रही हैं, जहां आमतौर पर पुलिस गश्त होनी चाहिए। इसे लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ठ कराऊंगा।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना

कचहरीपारा के युवा व्यवसायी प्रशांत शिवहरे की बाइक घर के बाहर से चोरों ने पार कर दी। श्री शिवहरे के घर के सामने ही एक पुलिस अधिकारी का निवास स्थल भी है और चोर बड़े ही धड़ल्ले से बाइक पार निकल गए। इस मामले पर स्थानीय लोगों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है, जिसमें चोरों की तस्वीरें स्पष्ट रूप से दिख रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यदि पुलिस सक्रियता दिखाए तो चोरों की पहचान और गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। पुलिस अधीक्षक कोरिया से मांग की है कि क्षेत्र में रात की गश्ती बढ़ाई जाए और सक्रिय चोर गिरोह के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# दुष्कर्म व हत्या के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग

दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र के ओम नगर में छह वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और निर्मम हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के नेतृत्व में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह घटना राज्य सरकार की विफलता का प्रतीक है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि दोषियों को शीघ्र सजा नहीं दी गई और गृहमंत्री पद पर बने रहे, तो कांग्रेस राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छग की बहन-बेटियों को न्याय दो, दोषियों को फांसी दो और गृहमंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लगाकर सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, ⏭ शेष पेज 4 पर

### जनदर्शन में आए 22 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 8 अप्रैल को जनदर्शन में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनदर्शन में आवेदक फूलकुंवर निवासी भरहीडांड भूमि के संबंध, मीना कश्यप निवासी मनेन्द्रगढ़ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में, समस्त कार्यकर्ता निवासी कछौड़ पर्यवेक्षक कछौड़ को अन्य परियोजना में स्थानांतरण करने के संबंध में, रमसाय निवासी पिपरिया नलकूल खनन के संबंध सहित काफी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।





## स्वास्थ्य मंत्री बोले-जो कहता हूं वो करता हूं

# 70 बिस्तरीय वार्ड और फिजियोथैरेपी यूनिट का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

विश्व चिकित्सा दिवस के अवसर पर चिरमिरी पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल में 151.13 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 70 विस्तरीय वार्डों और फिजियोथैरेपी यूनिट का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो कहता हूं वह करता हूं। आपने देखा है कि विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में जो वादा किया, उसे शत-प्रतिशत निभाया है। मंत्री श्री जायसवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फ बोर्ड टांगने का काम किया। पॉलिटेक्निक कॉलेज, जिला अस्पताल, एडवेंचर पार्क जैसे प्रोजेक्ट सिर्फ कागजों में रहे। हमने आते ही विकास की रफ्तार को जमीन पर उतारा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन में लिफ्ट सिस्टम भी लगाया जाएगा, ताकि मरीजों को ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में कठिनाई न हो। ट्रांजिट हॉस्टल के लिए 1.68 करोड़ रूपए की मंजूरी मिल चुकी है। डॉक्टरों के लिए 13 करोड़ रूपए की लागत से आवासीय भवन का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि अमृत जल मिशन के तहत 183 करोड़ रूपए की योजना चिरमिरी की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करेगी। शिक्षा व्यवस्था को भी स्थायी और सुलभ बनाने के लिए प्रयास जारी हैं, जिसमें शुल्क और आर्थिक स्थिति के आधार पर निःशुल्क व सशुल्क दोनों प्रकार की व्यवस्था होगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर राम नरेश राय, पूर्व महापौर डमरू बेहरा, रानी गुप्ता, रविशंकर सिंह, द्वारिका जायसवाल, रघुनंदन यादव, शिलाकांत झा, राजू नायक, रीत जैन, मनीष पार्षद सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### बारह भू विस्थापित ग्रामीणों को मिला नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव खदान प्रभावित परिवारों को नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया लगातार जारी है।बताया जाता है कि आमगांव खदान विस्तार के तहत पटना गांव में 464 लोगों की रोजगार देने के लिए शासन और प्रबंधन ने चिन्हित किया है।आज सोमवार को बारह भू विस्थापित परिवार के सदस्यों को कंपनी में नियोजन देने नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम अजय तिवारी ने संबंधित परिवार के सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंप सभी को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कंपनी द्वारा दिए गए दायित्वों को पूरा करने को कहा।बता दें कि अब तक 464 रोजगार में 114 भू स्वामियों को रोजगार संबंधी नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा चुका है।शेष प्रकरणों पर दस्तावेज संकलन ,जांच परीक्षण की कार्यवाही अब भी लम्बित है।आज सोमवार को जिन लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया उनमें धर्मचंद्र मरावी आत्मज शिवरतन सिंह मरावी, मानिक चंद्र सिंह आत्मज शिवरतन सिंह, यशमतीया सिंह आत्मज शिवरतन सिंह पति संतलाल सिंह,चंदा सिंह पुत्री शिवरतन सिंह पति विशंभर सिंह,खेलावन सिंह मरावी आत्मज शिवरतन सिंह मरावी,प्रियांशु सिंह मरावी आत्मज पीतांबर सिंह मरावी,लोकेश सिंह मरावी आत्मज सत्यनारायण सिंह,संतोष कुमार साहू आत्मज शिवराम साहू,छत्रपाल आत्मज शंभु राम,नंदकुमार आत्मज देव प्रसाद,सहदेव आत्मज देव प्रसाद,दिलबंधु आत्मज केशवर राम के नाम शामिल हैं।

### कार्यशाला में दी गई गर्मी से सुरक्षा की जानकारी




वाड्रफनगर। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में कार्यशाला का अयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आलोक यादव ने ग्रीष्म काल में स्वास्थ्य संरक्षण के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में लू से बचाव, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, हल्के और ढीले वस्त्र पहनना तथा दोपहर में धूप से बचाव आवश्यक है। ताकि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.तोयज शुक्ला ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अत्यधिक गर्मी से बचने के उपयों को अपनाना आवश्यक है ताकि वे स्वस्थ रहते हुए नियमित रूप से अध्ययन जारी रख सकें। सहायक प्राध्यापक जगदीश कुमार खुसरो, डॉ.बलराम साहू, ग्रंथपाल पंकज कुमार, क्रीडा अधिकारी अशोक एक्का अतिथि व्याख्याता बेनी प्रसाद डेहरिया, शिवम पटेल, कमलेश कुमार, सुश्री रेणुका दीवान आदि उपस्थित थीं।

### करंट की चपेट में आकर दंपती की मौत, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। दो माह पूर्व पानी पटाने के लिए अवैध रूप से हुकिंग कर तार जोड़ते समय करेंट लगने से दम्पति की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त मृतक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी की दोपहर डेढ़ बजे जनकपुर हसुवापारा निवासी 30 वर्षीय नबालिक सिंह आ. शिव प्रसाद गोंड पत्नी 25 वर्षीया देवकल सिंह अपने गेंहू के खेत में पानी पटाने के लिए अपने चाचा राम प्रसाद के सर्विस कनेक्शन से अवैध तार जोडकर डबरी लेने के लिए मोटर पम्प चालु कर रहा था। इस दौरान करेंट की चपेट में आकर दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई।

## आबंटन प्रक्रिया को स्थगित कर फिर से हो रही जांच

# तीन बार जांच के बाद भी तय नहीं हो पाए 493 पीएम आवास के लिए पात्र हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पक्के मकान के लिए करना होगा लम्बा इंतजार

पीएम आवास के तहत पक्के मकान की आस लगाए लोगों को एक बार फिर से लम्बा इंतजार करना पड़ेगा। भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद लॉटरी पद्धति से आबंटन की प्रक्रिया को एक बार फिर से स्थगित कर दिया गया है। पीएम आवास के लिए पात्र हितग्राहियों की सूची में गडबडी की संभावनाओं के बीच आबंटन को रोक दिया गया है। अब अधिकारी एक बार फिर नए सिरे से पात्र हितग्राहियों की जांच कर रहे है और जांच के बाद ही इसका आबंटन हो पाएगा। इसे लेकर सत्ता पक्ष का का कहना है कि सूची में गडबडी थी और एक ही वार्ड से बड़ी बड़ी संख्या में लोगों के नाम शामिल किए गये थे जबकि विपक्ष का कहना है कि पूर्व में सूची की जांच तीन बार सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने की और जो नाम छनकर आए उन्हें सूची में शामिल किया गया। ऐसे में फिर से जांच करने के बजाए लॉटरी पद्धति से आबंटन कर देना चाहिए।

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत एएचपी मकानों का निर्माण शहर के सुभाषनगर में किया जा रहा है। पीएम आवास के एएचपी मकानो की स्वीकृति शासन से वर्ष 2020 में दी गई थी जिसके बाद 493 आवासों के निर्माण कार्य 6 एकड़ भूमि पर शुरू किया गया था लेकिन मकानों का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।अभी भी लगभग 20 प्रतिशत का काम शेष होने की बात कही जा रही है लेकिन नगर निगम सरकार द्वारा आवास निर्माण का कार्य पूर्ण होने की बात कहते हुए 4 अप्रैल को सभी 493 आवासों का आबंटन करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया था लेकिन लॉटरी पद्धति से आबंटन की तिथि जारी होने के बाद सत्ता पक्ष के एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने यह सूची में पात्र हितग्राहियों को लेकर आपत्ति दर्ज का दी।



### 466 लोगों को होना था आबंटन

बताया जा रहा है कि जब वर्ष 2015 में इस योजना के तहत आवास निर्माण हेतु सर्वे कराए गये थे तो लगभग 11 हजार आवेदन आए जिसके बाद आवेदनों की स्कूटनी हुई और इस स्कूटनी में कुल 38 सौ हितग्राही ही शेष बचे थे। बाद में एक बार फिर से सभी शेष बचे आवेदनों की जांच की गई तो 16 सौ पात्र हितग्राही बचे थे। इसी बीच फिर से नए सिरे से आवेदन लिए गये जिसमें 300 आवेदन आए और सभी 300 सौ लोगों को पात्र कर दिया गया था। इस हिसाब से लगभग 19 सौ से कुछ अधिक पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया लेकिन जब आवास आबंटन की बात आई तो पात्र हितग्राहियों में से ऐसे हितग्राहियों को पहले मौका देने का निर्णय लिया गया जो स्लम एरिया में निवास करते है। इस लिए कुल 466 लोगों की सूची तैयार की गई थी लेकिन अब इस सूची में भी आपत्ति दर्ज करा दी गई है।

### पार्षद कर रहे जांच

बताया जा रहा है कि पीएम आवास के हितग्राहियों की जांच के लिए पार्षदों द्वारा की जा रही है। भाजपा को 20 दिन में जांच कर अपनी रिपोर्ट नगर निगम को देने को कहा गया है जिसके बाद निगम एक बार फिर से सभी हितग्राहियों की अपने स्तर पर जांच करेगा और इन सब में डेढ़ से दो महीने का समय लगने वाला है और इस दौरान हितग्राहियों इंतजार करना होगा। वहीं इस मसले पर विपक्ष का कहना है कि पूर्व में तीन बार सूची की जांच कांग्रेस शासन काल में कराई गई और उस कमेटी भाजपा-कांग्रेस के पार्षद मौजूद थे। अंतिम जांच के बाद विपक्ष ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी इस लिए नए सिरे से पुनः जांच करने के बजाए पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन कर देना चाहिए।

### पारदर्शी तरीके से हो आबंटन

इससे पहले भी तीन बार सूची की जांच हमने कराई थी और उस समय विपक्ष में मौजूद भाजपा के पार्षद भी कमेटी में शामिल थे। जांच के बाद सूची जारी हुई। अंतिम जांच के बाद कोई आपत्ति नहीं आई थी। जो नाम जांच में छनकर आए वो पात्र थे। सत्ता पक्ष के लोग यदि संदेह व्यक्त कर रहे है। वे बहुमत में है तो सूची की जांच करा लें। भवन का निर्माण अभी भी 20 प्रतिशत बचा हुआ है इस लिए जब तक भवन का काम पूर्ण ना हो जाए तब तक आबंटन पर रोक लगा सकते है लेकिन इसके बाद सरकार को पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से लॉटरी पद्धति से आबंटन करना चाहिए और सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि जो जरुरतमंद है उनको छत मिले।

-शफी अहमद
नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

### जांच के बाद होगा आबंटन

हमारे पार्षदों ने शिकायत की थी कि एक वार्ड में ही डेढ़ सौ लोगों के नाम सूची में शामिल है तो कुछ वार्डों में एक भी नाम नहीं है। जांच पड़ताल के बाद पात्र हितग्राहियों की सूची जारी की जाएगी और पात्र हितग्राहियों को पारदर्शी तरीके से आवास का आबंटन कराया जाएगा। आबंटन नियम के तहत ही होगा।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर

भाजपा पार्षदों का कहना है कि सूची में एक ही वार्ड में बड़ी संख्या में लोगों के नाम शामिल हो गए है। ऐसे में उन्होंने कलेक्टर से मांग कर आबंटन की तिथि को निरस्त करने की मांग की। मेयर व पार्षदों की मांग पर कलेक्टर ने फिलहाल पीएम आवास के आबंटन की तिथि बढ़ा दी है।

## मां कुदरगढ़ी के दरबार में जगराता, भक्ति गीतों पर झूमते रहे श्रद्धालु



**सूरजपुर।** नवयुवक दुर्गा मंडल द्वारा मां बागेश्वरी के श्री चरणों में अष्टमी को भव्य जगराता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । पूरी रात श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते रहे। दूर ,दूर से आए माता के भक्तों ने पूरी रात भजनों का रसपान करते रहे। बाहर से आए भक्तों के द्वारा झांकियों की प्रस्तुति की गई। जिससे श्रोता काफी भाव -विभोर होकर रात भर नाचते गाते रहे। नवयुवक दुर्गा मंडल द्वारा कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह , गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष शैलेश गोयल, संस्कार अग्रवाल का एवं उपस्थित अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया। ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे में नवयुवक दुर्गा मंडल की ओर से 11 हजार का श्री दान दिया गया।जगराता कार्यक्रम में मंडल के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ सफाई कर्मचारी,नागरिक एवं माता के भक्तों का भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान मदन लाल गोयल, धर्मवीर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजू, नरेश बंसल, हुलेश्वर प्रसाद गुप्ता, अजीत गुप्ता, गैबीनाथ साहू, रमेश अग्रवाल, विजय शंकर साहू, कृष्ण चंद्र पुरी, अवधेश पुरी, सूरज अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, संजय रोहिल्ला, मनोज गुप्ता, अनंतराम साहू, धर्मपाल राजवाड़े, कैलाश चौधरी, चंद्रकांत अग्रवाल, सुमित देवांगन, अशोक कुमार फौजी, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सनराइज टीम बनी विजेता, सांसद ने किया सम्मानित

- प्रतियोगिता में संभाग के 60 टीमों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**कुसमी।** केबीसी संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन गत दिन सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की मुख्य आतिथ्य एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में संभाग के 60 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरगुजा सनराइज विजेता, टीम करूणा उपविजेता, डबल्स ओपन विजेता वेंटक गौरव प्रसाद- पवनीत सिंह गिल, उपविजेता ललित यादव-रॉबर्ट कुजूर, डबल्स ओपन 35 वर्ष में वेंटक गौरव प्रसाद- पवनीत सिंह गिल, उपविजेता ललित यादव-रॉबर्ट कुजूर, डबल्स 45 वर्ष विजेता आनंद गर्ग- अभिषेक गुप्ता, उपविजेता आनंद धर दीवान-राजेश गुप्ता रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज एवं सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि कुसमी में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता खेल में सभी खिलाड़ियों खेल भावना से खेला। छोटे से कुसमी नगर पंचायत में इस इंडोर कक्ष में संभागीय स्तर का खेल कराना गर्व की बात है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के 60 टीमों ने हिस्सा लेकर खेल को रोचक बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग दिए है। इस दौरान कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, जिपं अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, कुसमी एसडीएम करुण डहरिया की उपस्थिति में संभाग स्तरीय इनडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का 5 अप्रैल को समापन किया गया।

## कलश यात्रा के साथ मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का शुभारंभ

**अंबिकापुर।** हनुमत सेवा समिति गांधीनगर द्वारा श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर प्रांगण में सोमवार को मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा शहर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा की शुरुआत की गई। बता दें कि शहर के गांधीनगर गांधी चौक स्थित श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर के हनुमत सेवा समिति द्वारा मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा का आयोजन 7 से 13 अप्रैल तक किया गया है। हनुमंत लला के पंचदश स्थापना दिवस ( हनुमंत जन्मोत्सव) के अवसर पर समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके 7 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई। समाज के पुरुष व महिलाओं द्वारा शहर के शंकरघाट स्थित बांक नदी के ट पर एकत्र हुए और घाट से जल लेने के बाद हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो मां महामाया मंदिर में जाकर संपन्न हुई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को कलश यात्रा, के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, मंडप पूजन के बाद शाम 4 से रात 9 बजे तक मंगलाचरण, रामकथा महिला और सटी मोह का वचन किया गया। इसके साथ ही 8 अप्रैल को शिव विवाह, 9 अप्रैल को नारद मोह, मनु सतरूपा तप, राम जन्म, 10 अप्रैल को बाल लीआ, धनुष ज्ञान, और राम विवाह, 11 अप्रैल को राम वनवास, भरत चरित्र, केंवट प्रसंग और सीता हरण का वाचन किया जाएगा। 12 अप्रैल को प्रातः हनुमान अभिषेक, पूओजं एवं प्रसाद वितरण के बाद सुग्रीव मैत्री, सीता की खोज, लंका दहन तथा अंतिम दिन 13 अप्रैल को रावण वध, अयोध्या वापसी, श्री राम का राज्य अभिषेक, तथा महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं रामकथा में कथा का वाचन वृन्दावन से पधारे पंडित प्रहलाद जी महराज के द्वारा किया जाएगा।



## बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जीभ में बाना भेद कर निकाली शोभायात्रा

चैत्र नवमी के अवसर पर आज मायापुर स्थित देवी धाम से गाजे बाजे के साथ मां की ज्वारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ व गाल से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से आज दोपहर ज्वार विसर्जन के लिए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तो ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां ज्वार का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष ज्वारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निर्वहन धाम के पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को आरपार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह(सिन्टू सिंह), सतीश सिंह, कालीचरण, दिनेश बारी, पूनम सिंह, कृष्णा, प्रीति सिंह, भूसील, प्रियंका सिंह, पलक सिंह, बीना सिंह, अविनाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, नवीन अग्रवाल, ओमप्रकाश बारी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



## रामनवमी पर निकली शोभायात्रा भगवामय हुआ शहर का माहौल

**सीतापुर।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर रामनवमी के उपलक्ष्य में नगर में सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राम दरबार की झांकी के साथ निकली इस शोभायात्रा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद स्टेडियम से निकली विशाल शोभायात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए मां महामाया मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान पूरे शहर का माहौल भगवामय हो उठा।

विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष में रामनवमी का पर्व नगर समेत पूरे क्षेत्र में बड़े धूमधाम एवं भक्तिपूर्वक मनाया गया। चैत नवरात्र में लोग नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन थे। इस अवसर पर नगर के महामाया मंदिर दुर्गा मंदिर समेत क्षेत्र की आराध्य देवी मां मंगरेलगढ़ धाम में विशेष पूजा अर्चना की जा रही थी जहां माता के दर्शन एवं पूजा अर्चना हेतु पूरे नवरात्र भर भक्तों का तांता लगा रहा। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के सर्व हिंदू समाज द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। नगर के चौक चौराहों समेत पूरे शहर को भगवा ध्वज से सजाया गया था। जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भगवामय हो उठा। रामनवमी के दिन सर्व हिंदू समाज द्वारा दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राम दरबार के साथ लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ निकली इस शोभायात्रा में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का जगह जगह सामाजिक संगठन नगरवासी समेत मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान बाहर से आये कलाकारों ने भगवान शिव, मां काली एवं हनुमानजी के वेश में अपनी कला का प्रदर्शन किया। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना एवं महाआरती के बाद इस शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान आयोजकों द्वारा छठघाट मे महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमे नगर के श्रद्धालु भक्त शामिल हुए और महा प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व हिंदू समाज एवं नगरवासियों ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

## ग्रामीणों ने लगाया घटिया नहर निर्माण का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए ग्राम पंचायत सेमरा में लंबी नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर बन जाने से ग्रामीणों को न सिर्फ खेती किसानी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो जाएगी बल्कि नहर किनारे स्थित खेत के किसान दोहरी फसल ले सकते है और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकेगा। लेकिन जिस तरह से नहर निर्माण हो रहा है उससे अब किसानों की आस निराश में बदलने लगी है। ग्रामीणों ने नहर निर्माण में भारी अनियमितता बरतने और घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ऐसा नहीं है कि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारियों से नहीं की है बावजूद इसके अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत सेमरा के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पर कुछ माह पूर्व ही ग्राम पंचायत में डेढ़ करोड़ की लागत से नहर निर्माण की स्वीकृति मिली। नहर निर्माण कार्य हुए अभी दिन ही हुए है। इधर गांव में नहर निर्माण होने से ग्रामीणों में बेहतर सिंचाई सुविधा के साथ निस्तारण के पानी उपलब्ध हो जाने की आस जगी लेकिन घटिया नहर निर्माण के कारण ग्रामीणों की आस निराशा में बदल गई। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ता को दरकिनार कर निर्माण कराया जा रहा है। सीमेंट, गिट्टी नाम मात्र के जबकि बालू तय मात्रा से ज्यादा उपयोग किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने घटिया नहर निर्माण किए जाने की शिकायत की परंतु शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई और न ही निर्माण कार्य का किसी अधिकारी ने जायजा लेना उचित समझा। ऐसे में अब ठेकेदार के हौसले और भी बुलंद हो गए।

# मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा राजापुर पीएमश्री स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्कूल में शिक्षकों की कमी एवं पेयजल की समस्या

ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा शुरू की गई पीएमश्री स्कूल में बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। राजापुर के लकड़ापारा में संचालित पीएमश्री स्कूल में बच्चों को शिक्षक की कमी व पेयजल की गंभीर समस्या के अलावा शिक्षकों की कमी से जूझने विवश होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष भर पूर्व ग्रामीण अंचलों के गरीब बच्चों को बेहतर वातावरण में मॉडल शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से पीएमश्री स्कूलों का संचालन शुरू कराया गया था। इस योजना के तहत फिलहाल सभी ब्लाकों में एक-दो स्कूलों को चयनित करके उक्त विद्यालय का जीर्णोधार कराकर बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराया जाना है। इसी तारतम्य में सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर के लकड़ापारा में संचालित प्रायमरी स्कूल को पीएमश्री स्कूल के लिए चयनित किया गया था। यहां पर बताना लाजिमी होगा कि पीएमश्री स्कूल राजापुर में कहने को तो बच्चों की दर्ज संख्या फिलहाल 92 है लेकिन शिक्षक यहां पर एक प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षिका, एक व्यायाम शिक्षक, एक अटैच पर शिक्षक कार्यरत हैं, जिनके भरोसे 92 बच्चों के भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी है। पीएमश्री स्कूल राजापुर में एक शिक्षिका आरती साहू के प्रसव अवकाश पर रहने की वजह अटैचमेंट शिक्षकों के भरोसे ही कार्य संचालित किया जा रहा है। शिक्षकों के अभाव के अलावे पेयजल व शौचालय की भी गंभीर समस्या है, जिससे मासूम बच्चों के अलावे शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में अंदाज लगाया जा सकता है कि शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना किस तरह से मैदानी स्तर पर विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व सतत मॉनिटरिंग के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएमश्री स्कूल के शुरू होने से आमजन में काफी हर्ष व्याप्त था लेकिन यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध ना होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शासन के मंशानुरूप बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पीएमश्री स्कूल में कमरे की कमी की वजह से कक्षा तीसरी की क्लास आज भी बरामदे में ही लगाई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर पुराने शौचालय में केवल थूक पालिस करके शासकीय राशि का बंदरबाट कर दिया गया है।



### यह होनी चाहिए सुविधाएं

पीएमश्री स्कूलों में शासन के मंशानुरूप नए तकनीक के स्मार्ट क्लास रूम, विज्ञान कक्ष, शौचालय, व्यवसायिक शिक्षा की व्यवस्था, बेहतर भवन, एलईडी बल्ब, वाइट बोर्ड, सेटअप के अनुसार शिक्षकों की पदस्थापना के अलावे पूरे संसाधन उपलब्ध होने चाहिए। बावजूद इसके यहां पर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को पूर्ण रूप से संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। यहां पर बच्चों के भविष्य के साथ मजाक करते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल कोरमपूर्ती करके अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली जा रही है। शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना यहां पर केवल कागजों में ही पूर्ण रूप से सफल होती नजर आ रही है।

### कई कार्य करा दिए गए पूर्ण

पीएमश्री स्कूल राजापुर के बेहतर क्रियान्वयन हेतु प्रयास किया जा रहा है। राजापुर पीएमश्री स्कूल में काफी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। यहां पर शिक्षकों की कमी बड़ी समस्या है, जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था पूर्ण कराने प्रयास किए जा रहे हैं। पीएमश्री विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य हेतु 90 हजार रुपए के अलावे एक लाख इंकयानवे हजार रुपए स्कूल कांटीजंसी, ग्रीन स्कूल व अन्य कार्य हेतु भेज दी गई है। यहां पर अतिरिक्त कक्ष का भी निर्माण कार्य कराया गया है, लेकिन शायद शुरू नहीं हो सका है, इसकी जांच कराता हूं।

-**दिनेश द्विवेदी**, पीएमश्री जिला प्रभारी, सूरजपुर


### शिक्षकों की कमी दूर करने चल रहा प्रयास

बीएड की एक शिक्षिका की भर्ती वहां की गई थी, लेकिन उनके सेवा समाप्त होने की वजह से कमी हुई है, लेकिन फिलहाल डीएड वाले शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शासन स्तर पर पूर्ण करा ली गई है। उम्मीद है कि जल्द ही वहां पर शिक्षकों की कमी की समस्या खत्म हो जाएगी।

-**सुनील कुमार पोर्ते**, बीईओ, सूरजपुर

8-APRIL- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/8/2025 9:32 PM Page 1






## 'तन्वी द ग्रेट' का फर्स्ट लुक जारी नहीं दिखा एक्ट्रेस का चेहरा...

**मुंबई।** 7 अप्रैल को अनुपम खेर ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी कर दिया है, लेकिन अफसोस की इसके पहले लुक में अभिनेत्री का चेहरी नहीं दिखाया गया है। लेकिन, क्या आपको पता है कि इस फिल्म को बनाने का फैसला अनुपम ने चार पहले ही ले लिया था। अनुपम खेन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का पहला लुक जारी किया और लिखा, 'मैंने तन्वी द ग्रेट फिल्म बनाने का फैसला आज से लगभग चार साल पहले लिया था और फिर चार साल लगे इसे लिखकर बनाने में। अब मेरे इस 'दिल के टुकड़े'को आप सबके साथ शेयर करने का वक्त आ गया है। पर धीरे धीरे।

लाइफ Style



# अनुष्का


## कोरियन डांसर के साथ किया एनर्जेटिक डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का सेन ने छोटी उम्र में ही काफी नाम कमाया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

अनुष्का की फोटोज और वीडियो का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने सोशल मीडिया पर अपना बेहतरीन डांस वीडियो शेयर किया है। यूजर इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह वन पीस में एनर्जेटिक डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का काफी खुश हैं। वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे रही हैं। अनुष्का सेन साउथ कोरियन डांसर लीआ किम के साथ डांस कर रही हैं। अनुष्का ने उनका शुक्रिया अदा किया है। अनुष्का सेन के नए डांस वीडियो को उनके फैंस लाइक कर रहे हैं और इस पर बेहतरीन कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है अनुष्का में बहुत ऊर्जा है। एक और यूजर ने लिखा है 'आपके मूव्स अच्छे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आपके बाल काफी अच्छे लग रहे हैं।' वीडियो पर एक घंटे में एक मिलियन व्यूज आ चुके हैं। आपको बता दें कि अनुष्का सेन 22 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। सबसे पहले अनुष्का सेन साल 2009 में 'यहां मैं घर घर खेली' सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह 'बालवीर' सीरियल से मशहूर हो गईं।

## हॉलीवुड मसाला



## एक्शन फिल्मों से मचाया धमाल

**लॉस एंजिल्स।** जैकी चैन सिनेमा जगत का एक ऐसा नाम है, जो किसी पहचान का मोहताज नहीं है। हॉन्ग कॉन्ग के प्रसिद्ध अभिनेता जैकी चैन अपने एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। आज अभिनेता अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। चैन के जन्मदिन पर जानेंगे उनके बॉलीवुड कनेक्शन के बारे में। इन भारतीय अभिनेत्रियों के साथ जमाई जोड़ी। हॉन्ग कॉन्ग में जन्में इस शख्स ने अभिनय की दुनिया में अपना जादू बिखरने का काम किया। फिल्मों में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि शानदार कॉमेडी से जैकी चैन ने लोगों में दिलों में शानदार जगह बनाई।




## ट्रेंड कर रहा है ट्रॉन : एरेस का ट्रेलर...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर रिलीज हुआ है। इस हॉलीवुड फिल्म का दर्शकों को लंबे वक्त से इंतजार रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। यह फिल्म 10 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए।



## मैं मतलब के लिए दोस्त नहीं बनाती

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों एक नई फ्रेंडशिप के काफी चर्चे हो रहे हैं। हालांकि, कई लोगों को ये दोस्ती थोड़ी अजीब भी लग रही है। ये नई जोड़ी है अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की। इन दोनों ही एक्ट्रेस की दोस्ती पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई है। तमन्ना ने राशा के साथ अपनी दोस्ती की शुरुआत कहां से हुई और कब दोनों पहली बार मिले, इसको लेकर बात की। तमन्ना ने कहा, 'मैं और राशा एक पार्टी में पहली बार मिले। इसके बाद हम दोनों साथ में डांस करने लगे। उसके बाद हम एक-दूसरे के संपर्क में आ गए। हम दोनों के बीच उम्र का पर्याप्त फासला है, लेकिन ये मायने नहीं रखता। मैं किसी भी तरह के लाभ या मतलब के लिए किसी से दोस्ती नहीं करती हूं। यही होना भी चाहिए।'




## शाहरुख की 'किंग' में हुई दीपिका की एंट्री

**मुंबई।** 'किंग' शाहरुख और दीपिका की छठी फिल्म होगी। 'पठान' व 'जवान' के बाद यह लगातार तीसरी फिल्म होगी जिसमें दोनों सितारे साथ नजर आएंगे। हर फिल्म में फैंस को उनकी केमिस्ट्री काफी पसंद आती है। 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर से लोगों पर अपना जादू चलाने की पूरी कोशिश करेगी। खबरें हैं कि अगले साल ये दोनों 'पठान 2' में भी साथ आएंगे। फिल्म 'किंग' की पूरी कहानी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन यह एक बदले की भावना से भरी एक्शन थ्रिलर हो सकती है। यह 2000 की फिल्म 'बिच्छू' और फ्रेंच फिल्म 'लियोनः द प्रोफेशनल' से प्रेरित हो सकती है। इसमें शाहरुख एक खतरनाक हत्यारे की भूमिका में नजर आ सकते हैं। सुहाना की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 'द आर्चीज' में नजर आ चुकी हैं।

## टीवी मसाला



## मानसी घोष ने इंडियन आइडल 15 का खिताब किया अपने नाम

**नई दिल्ली।** सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराकर कोलकाता की 24 साल की मानसी घोष ने रविवार को इंडियन आइडल 15 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इंडियन आइडल 15 की ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपए जीते। इसके साथ ही उन्हें एक लग्जरी कार भी मिली। सोनी टीवी ने एक्स पर मानसी की तस्वीर डाली और लिखा, 'कई हफ्तों के संगीत और जादू के बाद, मानसी ने न सिर्फ खिताब जीता, बल्कि लाखों दिल भी जीत लिए।' मानसी ने अपनी मां को अपनी संगीत का श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि फिनाले में उनका परिवार रो रहा था और खुशी मना रहा था। मानसी ने कहा, 'मेरा परिवार यहां था। वे रो रहे थे और चीयर कर रहे थे। पहले तो मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं, लेकिन अब हम सब बहुत खुश हैं। यह एक बड़ा मंच है, इसलिए मुझे हर जगह से प्यार और आशीर्वाद मिला। उन्होंने बताया कि वह जीती हुई राशि का इस्तेमाल अपने म्यूजिक और कार के लिए करना चाहती हैं।

## 30 साल बाद दूरदर्शन के शो 'स्वाभिमान' का आएगा सीक्वल

**नई दिल्ली।** 30 वर्ष पहले दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले शो 'स्वाभिमान' का सीक्वल आने वाला है। इसकी घोषणा शो के अभिनेता रोहित रॉय ने की। रोहित रॉय ने इस शो से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। रोहित ने



लिखा, 30 साल पहले, 6 अप्रैल 1995 को दूरदर्शन पर 'स्वाभिमान' रिलीज हुआ और पूरे देश में तहलका मचा दिया। साथ ही ऋषभ मल्होत्रा (उनके किरदार) का जन्म हुआ!' प्रशंसकों से मिले प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए रोहित ने लिखा, 'तीन दशक बाद भी प्यार बरसता रहा है। मैं अपने प्रशंसकों को उनके लगातार प्यार और स्नेह के लिए जितना भी धन्यवाद दूं, कम है। किसी से प्यार करने के लिए 30 साल बहुत लंबा समय होता है। इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूंगा। मैं इस जीवन में कभी भी आपका ऋण नहीं चुका पाऊंगा। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह आपकी वजह से और आपके प्यार की वजह से हूं। आपका सच्चा, ऋषभ मल्होत्रा।'

## *केवल दर्शक होता है सिनेमा का असली जज : आनंद पंडित*



***मुंबई।*** *दिग्गज निर्माता का मानना है कि रेटिंग्स और रिव्यूज की अहमियत एक हद तक होती है, लेकिन असली फ़ैसला सिर्फ़ दर्शक ही देते हैं। प्रसिद्ध निर्माता आनंद पंडित को 70 के दशक में सिनेमा हॉल में ब्लॉकबस्टर फ़िल्में देखना और दर्शकों द्वारा अपने पसंदीदा सितारों का उत्साहपूर्वक स्वागत करना आज भी याद है। वे कहते हैं, 'दर्शक सीट से सीटी मारते थे, तालियां बजाते थे, नाचते थे, यहां तक कि स्क्रीन पर सिक्के भी फेंकते थे।' वे याद करते हैं, 'मैंने ऐसी भी फ़िल्में देखी हैं, जहां लोग गलत समय पर हंस पड़ते थे और तभी समझ आ जाता था कि कहानी काम नहीं कर रही है। मैंने बहुत जल्दी समझ लिया था कि एक फ़िल्म को हिट या फ्लॉप बनाने वाला सिर्फ़ दर्शक होता है। आजकल भले ही रेटिंग्स और समीक्षाओं पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता हो, लेकिन आख़िरकार फ़िल्म की सफलता या असफलता का निर्णय दर्शक ही करते हैं।' वे आगे कहते हैं कि भले ही वे समीक्षकों की राय का सम्मान करते हैं, लेकिन दर्शकों से मिलने वाला फीडबैक उनके लिए उतना ही महत्वपूर्ण होता है। वे समझाते हैं, 'इंडस्ट्री के कुछ सबसे सफल निर्माता अपनी फ़िल्में दर्शकों के साथ बैठकर देखते हैं और ऐसे अनुभव पाते हैं जो किसी समीक्षक की समीक्षा से नहीं मिल सकते। जब आप एक क्रिएटिव इंडस्ट्री में होते हैं तो हर राय मायने रखती है, क्योंकि आप एक खाली कमरे में फ़िल्म नहीं बना रहे। आप दर्शकों की सोच को प्रभावित नहीं कर सकते, बल्कि वही आपकी फ़िल्म के बॉक्स ऑफिस परिणामों को प्रभावित करते हैं। '12वीं फेल' जैसी एक छोटे बजट की फ़िल्म का अच्छा व्यवसाय करना सिर्फ़ वर्ड ऑफ माउथ की वजह से ही संभव हुआ।' आज के सिनेमा की बात करते हुए वे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि आज हम दर्शकों से उस भावनात्मक जुड़ाव को खो रहे हैं।*

## इस स्टार के जूतों की वजह से हिट होती थी फिल्में!

### क्या था जूतों के रंग और बॉक्स ऑफिस कमाई का ये कनेक्शन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अलग-अलग सुपरस्टार्स अपने तरह-तरह के स्टाइल्स के लिए फेमस रहे हैं। हिन्दी सिनेमा के इतिहास में इन स्टाइल्स के साथ सुपरस्टार्स सिनेमाघरों में तहलका मचाने में कामयाब रहे हैं। किसी एक्ट्रेस का हेयरस्टाइल उनके नाम से मशहूर रहा, कोई हीरो मफलर तो कोई किसी खास कलर के कपड़ों की वजह से चर्चा में रहा और आज तक याद किया जाता है। बहुत से सुपरस्टार्स ऐसे भी हैं जो यह मानते हैं की इन स्टाइल्स को अपनाने के बाद उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शनस ने आसमान छुआ और उन्होंने अपने कारियर में लंबी छलांग मारी। आइए जानते हैं ऐसे ही एक सुपस्टार के इस स्टाइल के बारे में जो इत्तिफाक से उनका लकी चार्म बन गया।



### फ्लॉप हो रही थीं फिल्में

कहा जाता है कि इससे पहले जितेंद्र को काम के मामले में काफी संघर्ष करना पड़ रहा था और अगर काम मिल भी रहा था उनकी फिल्में फ्लॉप हो रही थीं। फिल्म फर्ज के बाद जितेंद्र ने इस चीज को नोटिस किया कि सफेद रंग उनके लिए लकी साबित हुआ। इसके बाद वो अपनी अमूमन सभी फिल्मों में सफेद शर्ट, ट्राउजर और सफेद जूते पहने नजर आने लगे। यह एक इत्तेफाक उनके लिए ना केवल भाग्यशाली रहा, बल्कि उनकी यूएसपी बन गया। जितेंद्र का सफेद के साथ एक ऐसा कनेक्शन बैठा कि कुछ प्रोड्यूसर्स को यह अंधविश्वास लगने लगा कि अगर जीतेंद्र सफेद जूते पहनेंगे, तो फिल्म हिट होगी।

### फर्ज में पहली बार पहने थे सफेद जूते

भारत में फिल्में अपने 'लार्जर देन लाइफ' होने के लिए जानी जातीं हैं। इसका फायदा हिंदी और साउथ दोनों जगह के सुपरस्टार्स बखूबी उठाते हैं। हिन्दी फिल्मों के लार्जर देन लाइफ होने की वजह से तमाम सुपरस्टार्स ने अपने-अपने स्टाइल्स से शोहरत कमाई है। 70 और 80 के दशक के बॉलीवुड और साउथ दोनों के सुपरस्टार रहे जितेंद्र की कहानी भी कुछ ऐसा ही बयान करती है। 1967 की फिल्म फर्ज में जितेंद्र ने पहली बार सफेद जूते पहने थे।

### 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज, जोर-शोर से कर रहे प्रमोशन

## जाट बने सनी देओल की सफलता के पीछे इस शख्स का है हाथ

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सुपरस्टार सनी देओल बहुत जल्द एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट'में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब फिल्म को आने में 2 दिन रह गए हैं और मेकर्स भी फिल्म का हाइप दोगुना करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सनी पाजी भी फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से कर रहे हैं। रामनवमी के मौके पर फिल्म का दूसरा गाना रिलीज हुआ। इस बीच सनी देओल ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी सफलता का श्रेय एक शख्स को दिया है। इसी के साथ उन्होंने अपनी आगामी फिल्मों लाहौर 1947-बॉर्डर 2 पर भी अपडेट साझा की है।*




### सनी को फिल्म की कहानी कैसी लगी?

सनी देओल ने फिल्म के बारे में कहा, 'मैत्री मूवी मेकर्स वाले ये फिल्म बना रहे हैं। फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी मेरे पास पहले जो कहानी लेकर आए थे, वह मुझे पसंद नहीं आई, लेकिन जब ये 'जाट'का विषय लेकर वह मेरे पास आए तो मुझे ये बहुत ही प्यारा लगा। और जैसा प्यार फिल्म के ट्रेलर को मिल रहा है, उससे भी लगता है कि मेरा चुनाव सही रहा।

### किस शख्स को दिया सफलता का श्रेय?

सनी देओल ने लंबे वक्त बाद गदर 2 जैसी हिट फिल्म दी थी। इसके बाद उन्होंने लगातार फिल्में साइन की। एक्टर ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी बड़ी बहू त्रिशा को देते हुए कहा, जब से हमारे घर एक और बेटी (करण की पत्नी दृशा) आई है, ऐसे लगता है कि हमारे घर लक्ष्मी आ गई हैं।

### 'लाहौर 1947' और 'बॉर्डर 2' पर दिया अपडेट

'लाहौर 1947' हम लोग बहुत दिनों से बनाने की सोच रहे थे। राज (राजकुमार संतोषी) को तब फिल्म के लिए निर्माता नहीं मिल रहा था। 'गदर 2' के बाद चीजें बदलीं। आमिर को भी ऐसी ही फिल्म बनानी थी तो सब मिल गए और काम शुरू हो गया। 'बॉर्डर 2' पर इसके बाद काम पूरा करना है मुझे, वह भी मेरी जिम्मेदारी ही है। और इसके बाद मैं 'रामायण'में हनुमान के अपने किरदार पर काम शुरू करूंगा। बॉर्डर 2 एक वॉर फिल्म होगी, जिसका निर्देशन अनुराग सिन्हा करेंगे और इसका निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगे। यह 1997 की हिट बॉर्डर का सीक्वल है। इस फिल्म में सनी देओल के अलावा वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी भी महत्वपूर्ण किरदार में नजर आएंगे।



### एक दिलचस्प जरिया है ओटीटी

सनी ने यह भी बताया कि ओटीटी अभिनेताओं और निर्देशकों के लिए एक दिलचस्प जरिया है, क्योंकि इससे डाइवर्सिटी मिलती है। सनी ने कहा कि उनकी फिल्में ओटीटी पर आने से आज की जनरेशन के लिए भी रिलेवेंसी बढ़ गई हैं। 'जाट' के बारे में बात करते हुए, सनी ने कहा कि गोपीचंद मालिनेनी के साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, 'यह मेरी पहली फिल्म है, जो साउथ के डायरेक्टर के साथ है और यह बहुत अच्छा रहा है।'

## खबर संक्षेप

### गौ पालन में से मिली सहूलियत

**बैकुण्ठपुर।** अपने छोटे से मकान में राजाराम दो-तीन गाय पालने का कार्य भी करते थे, जिससे उनके घर का दैनिक खर्च बमुश्किल चलता रहा। अपनी आर्थिक स्थिति से संघर्ष कर रहे राजाराम के परिवार को पंजीकृत श्रमिकों को पशुपालन के लिए मिलने वाले शेड की जानकारी प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत में आवेदन देकर पशु शेड बनाए जाने की मांग रखी। उनके आवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा द्वारा दो साल पहले महात्मा गांधी नरेगा के तहत एक लाख बीस हजार रूपए से बनने वाले एक पशु शेड की स्वीकृति प्रदान की गई। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत सोनहत को ही निर्माण एजेंसी बनाया गया। शेड का कार्य लगभग तीन माह में पूरा होने के बाद राजाराम को ज्यादा संख्या में पशु पालन की सहूलियत मिल गई। इसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे कुल छह दुधारू गाय पाल ली हैं। अब उनके घर पर औसतन पंद्रह से बीस लीटर दूध का उत्पादन होने लगा है, इससे इस परिवार के पास स्वरोजगार के साथ आर्थिक उन्नति का रास्ता बन गया है।

### नवनियुक्त वन विकास निगम अध्यक्ष का किया स्वागत



**सलका- अघिना।** पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वन विकास निगम अध्यक्ष नियुक्त होने पश्चात उनके निज निवास पहुचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। श्री पैकरा के निज निवास चेन्द्रा पहुँचने पर ग्राम राई भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष, एसएमडीसी अध्यक्ष अनूप जायसवाल सहित कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। नागरिकों और समर्थकों ने उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के विकास और समाज के उत्थान के लिए बड़ा कदम बताया। श्री पैकरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जहां सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है। मुझ पर संगठन एवं मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार विश्वास जताया है उसी के अनुकूल काम करेंगे।

### युवक ने कुएं में कूदकर की खुदखुशी, मर्ग कायम

**बिश्रामपुर।** ग्राम कोरेया में सोमवार की शाम एक युवक ने अज्ञात कारणों से कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरेया में सोमवार की शाम करीब पांच बजे गांव का ही नरेंद्र राजवाड़े पिता पारस राजवाड़े ने अज्ञात कारणों से मुकुंद बिंझिया के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया है।

### डकवा में मनाया गया रोजगार दिवस

**राजपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार दिवस मनाया गया। इस दौरान जॉब कार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों की जॉब कार्ड, मजदूरी आदि की जानकारी दी गई।

**आम सूचना**
समक्षः-श्रीमान् नोटरी महोदय
बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
-::शपथ पत्र::-
वास्ते पेश करने:-आधार सेवा/लोक सेवा केन्द्र बैकुण्ठपुर कोरिया छ.ग.

मैं रमाकान्त सोनी आ. स्व. श्री मुकुन्दी लाल सोनी आयु 51 वर्ष, निवासी वार्ड न. 04, खुटहनपारा, थाना व तह. बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं:- 01/- यह कि, मेरा पुत्र का आधार कार्ड बना हुआ है। जिसका आधार नंबर 294531358011 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम प्रिंस गुप्ता/PRINS GUPTA तथा पिता का नाम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता/ RAJENDRA PRASAD GUPTA दर्ज हैं। जो कि गलत है। 02/- यह कि, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व कक्षा 1 ली से कक्षा 5 वीं तक के अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम मनन सोनी/MANAN SONI तथा पिता का नाम रमाकान्त सोनी/RAMAKANT SONI दर्ज है। जो कि सही है। 03/- यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम तथा पिता का नाम सुधार कर सही नाम दर्ज किया जावे। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
हस्ता.शपथकर्ता

-::सत्यापन::-
मैं रमाकान्त सोनी आ. स्व. श्री मुकुन्दी लाल सोनी यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 03 तक की कथन मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य व सही है। आज दिनांक 03.04.2025 को स्थान बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
हस्ता.शपथकर्ता

## कलेक्टर और एसपी ने ली संयुक्त बैठक

# लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर


बैठक लेते कलेक्टर-एसपी

मंगलवार को जिला कलेक्टरेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में कलेक्टर और एसपी ने जिले में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जिले में आपसी सौहार्द और सामंजस्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनी रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करें और वहां शांति व्यवस्था के लिए प्राथमिकता के आधार पर समन्वयित प्रयास करें। एसपी श्री कुर्रे ने समाज में तनाव और टकराव पैदा करने की कोशिश करने वाले आदतन व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर तनाव के कारकों की पहचान कर शीघ्र समाधान करने पर जोर दिया। बैठक में कहा गया कि शांति समितियों का पुनर्गठन और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने और उनकी शांति व्यवस्था में सहभागिता सुनिश्चित करने के सुझाव दिए गए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से आम सूचना तंत्र को मजबूत करने और विभिन्न सरकारी तंत्रों जैसे कोटवार, शिक्षक, पटवारी, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आदि की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने की अपील की और कहा कि प्रशासन की कार्य प्रणाली में तटस्थता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता होना चाहिए। उन्होंने सुशासन तिहार में भी समन्वय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर व एसपी ने पुराने व लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए आगामी दिनों में प्रभावी कदम उठाएंगे। बैठक में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी काफी संख्या में मौजूद रहे।

# आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें



- नपा के तिलक वार्ड में स्वच्छता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 10 तिलक वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंगलवार को वार्ड के शिव मंदिर के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान की शुरूआत पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल और संगठन की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं ने की।

इस अभियान में वार्ड के नागरिकों ने भी काफी संख्या में भाग लिए और मिलकर अपनी स्थानीय गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। यह अभियान भाजपा के सामाजिक कार्यों और जन जागरूकता के एक हिस्से के रूप में आयोजित किया गया, ताकि नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा सके। इस मौके पर पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में जागरूकता लाने का एक माध्यम है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और इसे एक आदत बना लें। साथ ही भाजपा संगठन की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बातें साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करता है। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस पहल को लेकर अपनी सराहना व्यक्त की। इस प्रकार का आयोजन यह संदेश देता है कि स्थानीय स्तर पर स्वच्छता और सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने वातावरण को स्वस्थ और साफ-सुथरा बना सकते हैं। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्पष्ट हुआ कि स्थानीय नेतृत्व और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही ऐसे सकारात्मक बदलाव संभव हैं। इस अवसर पर दीपा गुप्ता, शकुंतला जायसवाल, सरिता गुप्ता, अंजना श्रीवास्तव, शोभा शाह, काजल केसरवानी, कृष्णा केसरवानी, दीपा, अनीता केसरवानी, रेनू केसरवानी, विभा श्रीवास्तव, कलावती केवट, निर्मला श्रीवास्तव, सरोज सोनी, विमला केसरवानी, लालती गुप्ता, सीमा गुप्ता, बृजेश जायसवाल सहित काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।



# कलशयात्रा के साथ जूनापारा में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**बैकुण्ठपुर।** शहर के जूनापारा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन आरंभ हो गया है। मंगलवार को पहले दिन विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली गई, जो गायत्री मंदिर बाजारपारा से शुरू होकर कुमार चौक होते हुए वापस कथा स्थल पर सम्पन्न हुई। कथा वाचन देवरी सागर से पधारे पंडित कमल त्रिवेदी के द्वारा प्रतिदिन अपरान्ह 4 बजे से किया जाएगा।

आयोजक सुरेशचंद्र बड़ेरिया एवं दिनेशचंद्र बड़ेरिया ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन भजन, कीर्तन और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। स्थानीय श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होंगे आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार 2025 को और अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राष्टीय सूचना केन्द्र (एनआईसी) द्वारा एक नया पोर्टल तैयार किया गया है।

इस पोर्टल पर सुशासन तिहार 2025 से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी। साथ ही एक यूजर मैनुअल भी तैयार किया जा रहा है, जिसे पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदकों के लिए प्रत्येक आवेदन का एक विशिष्ट चौदह अंकों का क्रमांक होगा, जिसमें पहले दो अंक वर्ष 2025 को इंगित करेंगे, तीसरे अंक से आवेदन के मोड (ऑनलाइन, ऑफलाइन, नगरीय, ग्रामीण आदि) का पता चलेगा, जो स्वचालित रूप से जनरेट होगा। इसके बाद छः अंकों का लोकेलिटी कोड होगा, जो पोर्टल पर उपलब्ध होगा। अंत में पांच अंक आवेदन क्रमांक के रूप में होंगे। आवेदकों के लिए खाली आवेदन पत्र का प्रारूप सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में उपलब्ध कराया गया है।

यह आवेदन पत्र जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत, ग्राम, नगरीय निकायवार कोड सहित डाउनलोड किया जा सकता है, इसे प्रिंट कराकर उपयोग किया जाएगा। पोर्टल पर ग्राम, नगरीय निकाय, वार्ड और लोकेलिटी कोड के आधार पर आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध है, जो आवेदकों द्वारा उपयोग में लाई जा सकती है। समाधान पेटी में आने वाले आवेदन पत्रों के लिए, पोर्टल में आवेदन क्रमांक स्वतः जनरेट हो जाएंगे। इसके अलावा जिलों से संबंधित विभिन्न जानकारी जैसे समाधान शिविरों की तिथि आदि भी पोर्टल पर अपलोड करने की सुविधा होगी।

# सुशासन गीत-सुशासन तिहार के लिए हो रहा प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

मंगलवार से शुरू हुए सुशासन तिहार 2025 के तहत कोरिया जिला प्रशासन ने आम जनता में जन जागरूकता फैलाने के लिए कई अनूठे प्रचार अभियान शुरू किए हैं।

इस पहल के तहत बैकुंठपुर और सोनहत जनपद पंचायतों में हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है, ताकि लोग अपनी समस्याओं का समाधान तुरंत पा सकें। इसके अलावा, प्रशासन ने समाधान वाहन भी शुरू किया है, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेगा और उनके आवेदन प्राप्त करेगा। विशेष रूप से दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों को आवेदन भरने में मदद करने के लिए सुशासन संगवारी भी नियुक्त किए गए हैं। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि कोई भी व्यक्ति सुशासन तिहार से वंचित न रहे। सबसे आकर्षक पहल है सुशासन गीत, जिसे जिला प्रशासन ने जन चेतना के लिए लॉच किया है। यह गीत लोगों को सुशासन तिहार के उद्देश्य और उसकी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जागरूक करता है। लोग इस गीत को बहुत पसंद कर रहे हैं और यह त्वरित प्रचार का एक प्रभावी तरीका साबित हो रहा है।

# महिला समिति ने निःशुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ




**बिजुरी।** एसईसीएल हसहदेव क्षेत्र के बिजुरी कालरी में श्रद्धा महिला मंडल के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र के बिजुरी कालरी उपक्षेत्र में निःशुल्क प्याऊ शुभारंभ किया गया है, जो बिजुरी में राहगीरों को ठंडा पानी मिलेगा जो कल्याणकारी कार्य किया। सर्वप्रथम जागृति महिला समिति की अध्यक्षा विनीता शर्मा के द्वारा सभी को हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी और कहा कि बढ़ती गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से गर्मी में खूब पानी पिएं। इस दौरान राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत के साथ चना, गुड़ खिलाकर पानी पिलाया गया है। अध्यक्षा श्रीमती विनीता शर्मा ने इस कल्याणकारी कार्य में श्रीमती विनीता शर्मा के साथ बिजुरी रजनी सिंह, अर्चना शाहू, उषा शर्मा, रंजना मिश्रा, मोनी बरुआ, मिताली, लक्ष्मी चंद्राकर, गायत्री तिवारी, सरोज शर्मा, भारती यादव, कविता खंडाइल, मधु गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने अपना योगदान दिया।

# राम-जानकी का दर्शन करने रामगढ़ में उमड़ा जनसमूह



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

रामनवमी के अवसर पर रामगढ़ में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्राचीन राम-जानकी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे, जिसके कारण प्रशासन और समिति की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई।

भोर में 2 बजे ही श्रद्धालुओं का तांता शुरू हो गया था, जो सूर्योदय होने के साथ बढ़ता गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे की सीढ़ियों से लेकर मंदिर तक जाम की स्थिति बनी रही। लोगों के प्रयासों से श्रद्धालुओं का आवागमन किसी तरह जारी रहा। रामगढ़ की कंदराओं को वनवास के दौरान भगवान राम का तत्कालीन आवास माना जाता है। रामगढ़ में हर साल रामनवमी के अवसर पर विशाल मेला लगता है। रामनवमी पर छिटपुट घटनाएं भी हुई जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9:30 बजे चंदन मिट्टी के पास मधुमक्खियों ने 35 वर्षीय महेश्वर पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गए। सुबह 11 बजे कुम्दा निवासी कमल प्रसाद सिंह द्वार के पास थकान के कारण बैठ गए।

खड़े होने पर अचानक उनका संतुलन बिगड़ा और वे खाई में गिर गए। सिर, पैर और कमर में गंभीर चोट लगने के साथ उनकी नाक से देर तक रक्तस्राव होता रहा। कुछ उत्साही युवाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर उन्हें खाई से निकाला। उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जगह-जगह भंडारे और जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। अग्रवाल समाज सहित कई अन्य लोगों ने गुड़- चना और पानी का इंतजाम किया। इससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली।

# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**मनेन्द्रगढ़।** 12 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव का पावन पुनीत धार्मिक कार्यक्रम झगराखाण्ड़ रोड स्थित श्री-श्री 1008 दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए हनुमान सेवा समिति की बैठक संपन्न हुई। इसमें किए जाने वाले समस्त आयोजन पर सर्वसहमति से निर्णय लिए गए। इस संदर्भ में समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ मंदिर परिसर में होगा, जिसकी समाप्ति 12 शनिवार को 10 बजे होगी।

इसी क्रम में हनुमान जन्मोत्सव के दिन 12 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे से विशाल भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सांइ मंदिर विवेकानंद चौक, पुराना नगर पालिका चौक, गांधी चौक, शीतला मंदिर, श्रीराम मंदिर से होते हुए फवारा चौक से चलकर वापस श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर विसर्जित होगी। तत्पश्चात पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद हवन होगा। इसी दिन दोपहर 12 से विशाल भंडारा प्रसाद वितरण होगा। शाम 7 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने समस्त धर्म परायण प्रबुद्ध नागरिकों से सपरिवार इन सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है। आयोजित बैठक में समिति के नरेन्द्र अरोड़ा, विनोद सोनी, रामनारायण अग्रवाल, रामदास सोनी, पंकज गोयल, सुशील ताम्रकार, प्रशांत अग्रवाल, प्रवीण यादव, सुनील गुप्ता, पुरूषोत्तम गुप्ता, पंडित शिवकुमार तिवारी, पिंटू ताम्रकार, विकास अग्रवाल, लवकुश गुप्ता, नवल किशोर सोनी, जुगल सोनी एवं वार्ड नंबर 6 के पार्षद ओम प्रकाश जायसवाल, वार्ड नंबर 7 के पूर्व पार्षद गोविंद जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पहले दिन समाधान...

अपील की है कि वे सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविरों और समाधान पेटियों का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं को जल्द से जल्द दर्ज कराएं।

जरूरतमंदों को मिलेगी मदद- जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सुशासन तिहार 2025 के नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिलाओं व जरूरतमंद आवेदक अपने आवेदन जमा करने समाधान पेटी तक नहीं पहुंच पाएंगे उनके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है और सुशासन संगवारी द्वारा आवेदन लिखने, भरने में मदद करेगी।

### दुष्कर्म व हत्या ...

विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, यूसुफ इराकी, हीरालाल साहू, रामधार टोप्पो, दिनेश यादव, प्रदीप राजवाड़े, इजाज गुड्डू, सुमन दुबे, अविनाश पाठक, सौरभ गुप्ता, संतोष गोयन, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, धीरू शिवहरे, लवी गुप्ता, अशद इरफान, सोहेल अहमद, जितेन्द्र वर्मा, जानू वसीम, सूरज सारथी, कलिया, मोनू मांझी, आकाश गुप्ता, लालदास महंत, राहुल सोमन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 70 बिस्तरीय वार्ड ...

आमजन उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में न केवल चिरमिरी, बल्कि पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी से बेहतर हो रही हैं। हम जिन कमियों को बताते हैं, उन्हें तत्परता से दूर किया जा रहा है।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411